तापमान

अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर पुलिस ने पांजूपुर की कच्ची पटरी के पास से टाटा सफारी सवार दो युवकों को नशील पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। तालाशी के दौरान आरोपियों से 26 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लाकर यमुनानगर के पासपास युवकों को नशीले पदार्थ की सप्लाई करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।आरोपियों की पहचान संजीव वोहरा उर्फ काका तथा गौरव राणा के रूप में हुई।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

अंबाला। थाना महेशनगर मे दर्ज किशोरी से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी विराट को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने 13 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विराट ने उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महिला से दुर्व्यवहार करने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना मे दर्ज महिला से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 5 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी देवेंद्र सिंह व अन्य ने उससे दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी देव उर्फ पंकज उर्फ अंकुश को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। अंबाला छावनी के रहने वाले चंदा राम ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि देव उर्फ पंकज उर्फ अंकुश व अन्य ने नोवा रेफ्रिजेशन से एल्यूमिनयम, तांबा, पीतल और लोहे के समान के साथ बिजली की मोटरें चोरी की हैं।





# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समां

अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के रंग में रंग कर मदमस्त होकर नाचे कलाकार, रविवार को छुट्टी के दिन ब्रह्मसरोवर के तट पर उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश भर से आए कलाकारों ने मदमस्त होकर अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य को प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने कुरुक्षेत्र उत्सव गीता महोत्सव में समा बांधा और पर्यटकों ने तालियां बजाकर न केवल कलाकारों का अभिवादन स्वीकार किया, बल्कि उनकी प्रस्तुति की जमकर सराहना की और लोक नृत्यों पर जमकर डांस किया। अहम पहलू यह है कि रविवार को महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों की शुरूआत के साथ ही ब्रह्मसरोवर के तट पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्यटकों ने महोत्सव में जमकर खरीदारी की और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। महोत्सव के 11वें दिन सुबह व सायं के सत्र में उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, कश्मीर, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुति देकर पर्यटकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।


भारत के इन सांस्कृतिक झरोखों को देखकर पर्यटक भाव-विभोर हो गए। इस उत्सव के इस मंच पर भारत की लोक संस्कृति को देखा जा सकता है। इन लोक नृत्यों में उत्तराखंड के लोक नृत्य ने पर्यटकों के सामने अपनी प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी है। इस उत्सव में पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल और राजस्थान के लोक कलाकारों ने जमकर पर्यटकों का मनोरंजन किया और सभी को अपने मोहपाश में बांध दिया।महोत्सव के सरस और क्राफ्ट मेले को देखने के लिए लगातार पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है।

ज्यों-ज्यों कुरुक्षेत्र महोत्सव आगे बढ़ रहा है, त्यों-त्यों इसकी रौनक भी बढ़ रही है। इस महोत्सव में आने वाले पर्यटक जहां शिल्पकला को पसंद कर रहे है, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे है। इन लोक कलाकारों के लोक नृत्य ने भी दर्शकों को टकटकी लगाने पर मजबूर कर दिया। इस प्रकार ब्रह्मसरोवर के घाट भारत की संस्कृति का केंद्र बनता नजर आया। इस मंच पर सभी प्रदेशों की संस्कृति की झलक देखी गई।



### शिल्पकारों के हाथों की करामात दिखा रही अद्भुत कला के नजारे

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 7 दिसंबर से ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लगे सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों के हाथों की करामात अद्भुत शिल्पकला के नजारे पेश कर रही है। शिल्पकारों ने अपने-अपने राज्यों की अनोखी शिल्पकला को दिखाकर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम किया है। इन शिल्पकारों के हस्त शिल्पकला को देखने के लिए दूर-दराज से लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है। कुरुक्षेत्र-धर्मक्षेत्र की पावन धरा पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले कई साल से आ रहे दानिश ने कहा कि वे अपने साथ लकड़ी से बने सुंदर-सुंदर फ्लावर पॉट, डायनिंग टेबल, कॉफी टेबल, टी टेबल, बॉक्स स्टूल, शॉल स्टूल, कुर्सी रोड आयरन, ड्रेसिंग टेबल, ज्वैलरी बाक्स इत्यादि का सामान लेकर आए है। सभी को आकृर्षित करने वाला हाथों की अदभुत कारगिरी से बना यह सामान बहुत ही सुंदर और घर की सज्जा-सजावट के लिए है और लोग इस सामान की जमकर खरीददारी कर रहे है। इस सामान को बनाने के लिए वे इस लकड़ी को असम से मंगवाते है और इसके बाद उस लकड़ी पर फिनिशंग का कार्य किया जाता है जो कि अपने आप में हस्तकला की कहानी को बयां करता है। उन्होंने कहा कि इस सामान को बनाने के लिए 2 से 3 आदमी कार्य करते है मशीने सिर्फ लकड़ी को काटने के लिए प्रयोग में लाई जाती है लेकिन हाथों की अदभुत कला से जब इस सामान को आखरी स्वरूप दिया जाता है तो इसे देखने वाले पर्यटक आश्चर्यचकित हो जाते है। उन्होंने बताया कि इस सामान की कीमत 500 से 50 हजार रुपए तक की है। इस सामान पर पालिश इत्यादि का कार्य भी हस्तशिल्प कला से ही किया जाता है। हथौड़ी और छेनी की ऐसी हस्तशिल्प कला ने यहां पर आने वाले सभी पर्यटकों के मन को मोह लिया है।



### पंजाब से विशेष ग्रुप आमंत्रित

किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में जान फूंकने का काम पंजाब का भांगड़ा करता है। इस लोक नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए पंजाब से विशेष ग्रुप को आमंत्रित किया गया। पंजाब के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों ने भी अपने-अपने लोक नृत्यों कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

### मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच हुआ पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन

मंत्रोच्चारण और शंखनाद की गुंजायमान ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में पवित्र ग्रंथ गीता के पूजन की रस्म को अदा किया गया है। इस परम्परा को निभाते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, विधायक सुभाष सुधा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति भी डाली और ब्रह्मसरोवर का पूजन भी किया। इस हवन यज्ञ में शंखनाद की ध्वनि के बीच ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा ही गीतामय हो गई।



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में रविवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में भगवान श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ के साथ कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में पंडित नरेश कुमार सहित अन्य ब्राह्मणों ने परंपरा को निभाते हुए हवन यज्ञ की शुरूआत की और इस हवन यज्ञ में पुर्ण आहुति डालने और विश्व शांति व मानव कल्याण के लिए पूजा-अर्चना करने के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, अतिरिक्त उपायुक्त एवं सीईओ केडीबी अखिल पिलानी, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, कुरुक्षेत्र 40 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा नेत्री ममता सैनी, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन अमरजीत सिंह, पूर्व सदस्य विजय नरुला सहित अन्य गणमान्य लोग और अधिकारीगण पहुंचे। गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डालने के बाद पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया गया। इसके बाद सभी मेहमानों में परंपरा अनुसार पवित्र ब्रह्मसरोवर का भी पूजन किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव का दर्जा मिला। इस महोत्सव में हर साल लाखों की संख्या में लोग शिरकत करते है और इस महोत्सव का आनंद लेते है। यह महोत्सव 24 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस महोत्सव को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बहरुपिए कर रहे पर्यटकों का मनोरंजन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में बहरूपिये पर्यटकों व स्थानीय लोगों का बहुत मनोरंजन कर रहे है। राजस्थान से आए बहरूपिये व कलाकारों के साथ पर्यटक जमकर सेल्फी खिंचवा रहे है। इस महोत्सव में यह बहरुपिए पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। यह कलाकार 24 दिसंबर तक इस महोत्सव में अलग-अलग वेशभूषा बदलकर पर्यटकों व स्थानीय लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे।

### सूचनाओं के आदान-प्रदान से मिल रही जानकारी

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा स्टाल नंबर एक पर बनाए गए सूचना केंद्र पर 7 दिसंबर से लेकर 17 दिसंबर तक हजारों सूचनाएं देकर बिछड़ों को मिलाने, खोए हुए बच्चों को अभिभावकों से मिलाने, स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ-साथ खोए हुए सामान व अन्य मामलों का निपटारा करने का काम किया गया है। इस सूचना केंद्र की कमान खंड प्रचार कार्यकर्ता मनोज कुमार, कृष्ण लाल, राजकुमार शर्मा, पवन कुमार, सहित अन्य स्टाफ ने संभालीं।

### सांसद व विधायक ने थानेसर विधानसभा विकास यात्रा प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में पहली बार विधायक के प्रयासों से लगी थानेसर विधानसभा विकास यात्रा प्रदर्शनी का उदघाटन किया। इस प्रदर्शनी में थानेसर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 9 सालों में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का खाका फोटो सहित देखा जा सकेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने इस प्रदर्शनी के साथ रिबन काटने की परंपरा को समाप्त करते हुए रिबन की गांठ खोलकर उद्घाटन करने की परंपरा का आगाज किया। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 9 सालों में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए है।



# विदेश भेजने के नाम पर 17 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विदेश भेजने के नाम पर 17 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। असंध के रूकसाना गुरदास सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बारहवीं पास है। उसने विदेश जाने की योजना बनाई। करीब 2 साल पहले सेक्टर-6 निवासी संजीव शर्मा का सोशल मीडिया पर विदेश भेजने का विक्षपर देखा। उसके बाद आरोपी से विदेश जाने के बारे में युवक ने संपर्क किया। वह अपनी बुआ के बेटे के साथ आरोपी संजीव शर्मा से मिलने के लिए पहुंचा। आरोपी ने पीड़ित युवक को कनाड़ा भेजने का झांसा दिया। वर्क वीजा पर 20 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने आरोपी को पहले 2 लाख और दस्तावेज दे दिए। जनवरी 2021 में बुआ के लडक़े अवतार सिंह के साथ युवक दोबारा से आरोपी से मिलने के लिए पहुंचा। आरोपी ने कहा कि जल्द वीजा लग जाएगा और बाकी रकम का इंतजाम करें। पीड़ित ने जमीन बेचकर बाकी रकम की योजना बनाई। 21 जुलाई 2021 को पीड़ित ने गांव के सरपंच की मौजूदगी में आरोपी को 2.90 लाख दे दिए। इस तरह आरोपी ने विदेश भेजने के नाम पर 17 लाख रुपये ले लिए। युवक को आरोपी विदेश नहीं भेज सके। दिल्ली में फ्लाइट से विदेश भेजने से पहले तीन दिन तक होटल में रखा। धोखाधड़ी की भनक होने पर पीड़ित युवक ने आरोपी से रकम वापस मांगी तो टाल-मटोल करता रहा। बाद में तीन लाख का चेक दिया। जो कि बाउंस हो गया।

■ पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की

# अंबाला-हिसार हाइवे पर हादसा बाइक सवार दो लोगों की मौत

**अंबाला।** अंबाला-हिसार हाइवे पर बीते रोज भीषण हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि खासपुर से मोटरसाइकिल पर इस्माइलाबाद बाइक पर जा रहे महिला समेत 3 लोगों को ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में महिला पालो देवी व अमरीक सिंह को अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक चालक अजय कुमार को चोटें आईं। रामकुमार के मुताबिक वह मटहेड़ी में सीएससी सेंटर चलाता है। शनिवार देर शाम को उसके पिता अमरीक सिंह, ताई पालो देवी व ताया का बेटा अजय कुमार उनके गांव खासपुर से सुबह 9 बजे बाइक पर इस्माइलाबाद के लिए निकले थे। जब वे सकराहो मोड से नग्गल की तरफ अम्बाला-हिसार हाइवे पर पहुंचे तो धुंध पड़ रही थी।

■ ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, बाइक चालक भी हादसे में जख्मी

# 29 हजार के नकली नोट थमाकर एक बकरी और दो भेड़ लेकर आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

गांव पंजलासा के भेड़ पालकों को कार सवार 3 ठग 29 हजार के नकली नोट देकर एक बकरी व 2 भेड़ें ले गए। दिलचस्प बात ये है कि भेड़ पालकों को न ठगों की पहचान है और न उनकी कार के नंबर की जानकारी। फिलहाल पुलिस ने भेड़ पालकों की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने कहा कि गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे वह और उसका भाई नर्मिल शिव मंदिर के नजदीक भेड़ें चरा रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की कार में 3 लोग उनके पास पहुंचे। कार सवारों ने उनसे बकरी और भेड़ खरीदने की बात कही। आरोपियों ने 30 हजार में एक बकरी और 2 भेड़ें खरीद ली। ठग एक हजार एडवांस देकर एटीएम से पैसे निकालने की बात कहकर चले गए। कुछ देर बाद ठग भेड़ मालिक को 500-500 के 58 नोट देकर भेड़-बकरी ले गए। जब पवन ने घर जाकर देखा तो सभी नोट नकली थे। पुलिस ने ठगों के खिलाफ जाली नोट उपयोग करने और ठगी करने का केस दर्ज किया है

## व्यापार में इजाफा


### गृहमंत्री विज बोले, जिले में उद्यमियों के लिए बेहतर ढांचा मौजूद

अंबाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट का काम प्रारंभ कर दिया

# साहा ग्रोथ सेंटर के विस्तार के लिए राज्य सरकार करेगी 2300 एकड़ भूमि की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि साइंस इंडस्ट्री पर अंबाला का सबकुछ निर्भर करता है। उद्यमियों को बढ़ावा मिले इसके लिए राज्य सरकार साहा ग्रोथ सेंटर के वस्तिार हेतु 2300 एकड़ भूमि की खरीद करने जा रही है। साइंस इंडस्ट्री के लिए ट्रांसपोर्टेशन बेहतर हो, इसके लिए ईर्स्टन डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पर नए फ्रेट टर्मिनल निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है। विज देर रात अंबाला में असीमा (अम्बाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मैन्युफेक्चर्र एसोसिएशन) के डिजिटल डायरी के विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि साइंस उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइंस इंडस्ट्री द्वारा बनाए गए माइक्रोस्कोप या अन्य उपकरणों पर ही बड़े डॉक्टर, इंजीनियर, स्पेस साइंटस्टि व अन्य पढ़कर आगे बढ़े हैं। अंबाला के विकास में साइंस इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण योगदान है। यहां इंडस्ट्री को बिजली, पानी, ट्रांसपोर्टेशन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिससे व्यापार में इजाफा हुआ है। इस समय सड़कों के जाल से बुना जा रहा है। अंबाला-साहा रोड को फोरलेन किया जा चुका है जिससे उद्यमियों का साहा ग्रोथ सेंटर तक आना-जाना काफी आसान हो गया है। इसी तरह रिंग रोड, अंबाला से दिल्ली वाया शामली एक्सप्रेस-वे, अंबाला-कालाअंब व अंबाला-चंडीगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किए जा रहे हैं कि रिंग रोड को हाइवे नंबर 152-डी से जोड़ा जा सके। विज ने कहा कि अमेरिका इसलिए अमीर नहीं है कि उसकी सड़के अच्छी है, उसकी सड़के अच्छी है इसलिए अमेरिका अमीर है, हम बेहतर ढांचा उपलब्ध कराते हैं तो इसका लाभ साइंस इंडस्ट्री को मिलेगा। यहां डोमेस्टिक एयरपोर्ट का भी काम प्रारंभ कर दिया है , कोशिश है कि चार-पांच माह में विमान सेवा यहां से प्रारंभ की जा सके। कुछ महीने पहले आई बाढ़ के कारणइंडस्ट्री एरिया को काफी नुक्सान हुआ है।



अंबाला। डिजिटल डायरेक्टरी के विमोचन के दौरान क्यूआर कोड स्कैन करते गृहमंत्री अनिल विज।

### असीमा की डिजिटल डायरेक्टरी का विमोचन

दोबारा बाढ़ न आए इसके लिए टांगरी नदी पर इंडस्ट्री एरिया छोर पर नया तटबंध बनाया जाएगा और इसकी मंजूरी सरकार से दिलवाई गई है।

असीमा के नए कार्यालय निर्माण हेतु विज ने दस लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देने का ऐलान भी किया। उन्होंने असीमा की डिजिटल डायरेक्टरी का विमोचन क्यू-आर कोड स्कैन करते हुए किया। इस अवसर पर जीएसटी कमश्निर राजन दत्त, असीमा के अध्यक्ष वक्रिम चौधरी, साहा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबीर चौधरी, पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, एसडीएम लक्षित सरीन, जीएसटी डीसी शिखादीप रंधावा, सौरव नागपाल भी मौजूद थे।

# नए नोटिफिकेशन के खिलाफ प्रदेश भर में बीस को रहेंगी सब्जी मंडियां बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा सब्जी मंडियों पर थोपे जा रहे मनमाने काले कानूनों के खिलाफ 20 दिसंबर को पूरे प्रदेश भर में सब्जी मंडियां बंद रहेंगी। इसका आह्वान हरियणा सब्जी मंडी संगठन ने किया हैं। इस दिन पूरे प्रदेश भर में सब्जियां फल नहीं बिकेंगे। इसी हड़ताल को करनाल के सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने अपनी तरफ से पूरा समर्थन किया हैं। 20 दिसंबर को करनाल में भी सब्जी मंडी में काम काज ठप रहेगा। इसको लेकर आज करनाल सब्जी मंडी में आढ़तियों के साथ अन्य वर्ग के लोगों की बैठक हुई। इसमें सर्व सम्मति 20 दिसंबर की हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया।

यदि मांग नहीं मानी गई तो पंद्रह जनवरी से पूरे प्रदेश में सब्जी मंडी अनश्चितिकाल के लिए बंद कर दी जाएंगी। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार मनमाने कानून बना कर उन्हें परेशान कर रही हैं। इस अवसर पर अवतार सिंह तारी, कृष्णा सचदंवा, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र मलिक, मोनू शर्मा,कमल ढांगड़ा, तेजेंद्र पाल सिंह ढींगडा डिम्पी,प्रमोद बजाज, राजू मदान, राजू मर्सी, पंचम छावड़ा, दलविंदर सिंह, मुरारी लाल, अंशिल सचदेवा, राम लाल, नाथी राम, सहित तमाम सदस्यों ने हड़ताल का समर्थन किया।

■ करनाल सब्जी मंडी में हुई बैठक, कहा: 15 जनवरी से बेमियादी हड़ताल करेंगे



करनाल सब्जी मंडी में आयोजित आढ़तियों की बैठक ।

## खबर संक्षेप

### छाए एस.के मार्शल आर्ट अकेडमी के खिलाड़ी

**करनाल।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के ताइक्वांडो खिलाडियों ने अंबाला में आयोजित 15 से 17 दिसंबर 35वीं सब जूनियर स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग भाग में मेडल हासिल कर पूरे करनाल व हरियाणा का नाम रोशन किया है।

### खाली जमीन पर पहला हक न्यायिक संस्था व बार एसो. का: आर्य

**करनाल।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपप्रधान आर्य हरीश अरोड़ा ने कहा कि सेक्टर 12 में लायर्स चैंबर्स कॉम्पलेक्स के पीछे पड़ी खाली जमीन पर पहला हक न्यायिक संस्था व बार एसोसिएशन का बनता है। उन्होंने कहा कि 700 से अधिक वकील ऐसे हैं, जिनके पास चैंबर नहीं हैं और हर साल लगभग 150 वकील और ज्वाइन कर रहे हैं। एक एकड़ जमीन में मात्र 260 चैंबर ही बन पाएंगे।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**करनाल।** वैश्य भवन चेरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब करनाल के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर के लिए लगभग 50 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

### कारवाने-अदब की महफिल सजी, कवियों ने पढ़ी रचनाएं

**करनाल।** जिमखाना कलब करनाल में कारवाने-अदब करनाल की महफिल सजी जिसमें करनाल तथा आसपास से पधारे कवियों, शायरों तथा सहत्यिकारों ने शिरकत की। आज की महफिल की अध्यक्षता शायर नफीस असंरी खैरावादी पानीपत ने की तथा मुख्यअतिथि सुफी गायक गुरमुख सिंह वडैच रहे तथा विशष्टि अतिथि श्रअंग्रेज सिंह तथा धर्मेन्द्र अरोड़ा पानीपत रहे। आर्शीवचन आचार्य महबीर शास्त्री ने दिये तथा मंच संचालन भरत भूषण ने किया।
इस मौके पर कवि डा. एस. के शर्मा ने कहा कि गम को बस सीने से लगा रखा है।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल खोलने की मांग

**करनाल।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति ने एक बार फिर से प्रदेश के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को स्मरण-पत्र भेजकर याद दिलाया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल को अब खोला जाए क्योंकि अब ऑनलाइन ट्रान्सफर पोर्टल चलेगा तभी तो सत्र के शुरू में तबादले हो पाएंगे।उपरोक्त मांग संघर्ष समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार नर्मिाण,राज्य सचिव रामनिवास संगोही,प्रेस प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने की और पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री और शक्षिा मंत्री से मिलने का समय भी मांगा है ताकि तमाम तथ्य उनके सामने विस्तार से रखे जा सकें।

### एडीआर सेंटर का रास्ता बंद करने पर जताया रोष

**करनाल।** न्यायिक परिसर से जिला एडीआर सेंटर एवं लघु सचिवालय की ओर न्यायिक भवन तथा बार रूम भवन के बीच स्थित आने-जाने वाले आम रास्ते को दीवार बनाकर बंद कर देने से वकीलों, वादकारियों व आम जनता में भारी रोष है। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट चौधरी शक्ति सिंह ने कहा कि न्यायिक परिसर के भूतल पर वादकारियों के हॉल के अंदर दीवारें खड़ी कर नए कमरे बनाए जा रहे हैं।

### प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल पड़ीः शर्मा

**घरौंडा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव जयपाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और आने वाली 23 तारीख को आप की परिवर्तन यात्रा इसी उद्देश्य को लेकर घरौंडा में प्रवेश करेगी। आप कार्यकर्ताओं द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया जाएगा। जयपाल शर्मा जीटी रोड पर स्थित निजी होटल में आप कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

---

### कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने करवाया समारोह का आयोजन

# सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देने वाले 14 प्रगतिशील किसान सम्मानित

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



इंद्री। अनाज मंडी मे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समारोह मे किसानों को स्प्रे पंप देते विधायक रामकुमार कश्यप व कृषि अधिकारी।



इंद्री। अनाज मंडी मे किसानों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप।



इंद्री। अनाज मंडी मे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समारोह मे कृषि यंत्रों का अवलोकन करते विधायक रामकुमार कश्यप।

अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में अनाज मंडी इंद्री में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ वजीर सिंह ने की। कार्यक्रम में करीब 600 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए इंद्री क्षेत्र के 14 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। कृषि सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई जिसमें प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले एक महिला किसान सहित कुल 10 किसानों को स्प्रे पम्प देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने सरकार की योजनाओं के तहत किसानों को दिए गए कृषि यंत्रों का अवलोकन किया और विधायक ने किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अलावा राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, कृषि वज्ञिान केंद्र सी.सी.एस.एच.ए.यू. उचानी, उप निदेशक, पशुपालन विभाग जिला उद्यान अधिकारी करनाल एवं जिला मत्स्य अधिकारी के साथ-साथ अन्य विभागों से विशेषज्ञ भी शामिल हुए और उन्होंने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की वस्तिार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोटा अनाज को पोषक तत्वों का भंडार माना जाता है। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और चीना जैसे अनाज मिलेट्स यानी मोटा अनाज होते हैं। इनके सेवन से हमारी सेहत को कई तरह के फायदे होते हैं। साथ ही इसके सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है। मोटा अनाज तासीर में गर्म होते हैं। ऐसे में सर्दियों में इसके सेवन से शरीर को गर्माहट मिलती है, जिससे हम ठंड से बचे रहते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद कई पोषक तत्व भी शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। इन दिनों डायबिटीज की समस्या काफी आम हो चुकी है। कई लोग इस गंभीर समस्या से परेशान है। ऐसे में मोटा अनाज का सेवन कई तरह के मधुमेह में गुणकारी है।

#### मोटे अनाज को खाने में शामिल करें

कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ वजीर सिंह ने कहा कि आज के समय में हमें अपने स्वास्थ्य का अधिक ध्यान रखने की जरूरत है इसके लिए हमें अपने खाने में मोटे अनाज को जरूर शामिल करना होगा। मोटा अनाज में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा काफी कम होती है। ऐसे में नियमित तौर पर मोटा अनाज खाने से हाई बीपी और दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा काफी कम हो जाता है। इस मौके पर फसल अवशेष प्रबंधन के तहत किसानों को 40-50 प्रतिशत अनुदान पर व्यक्तिगत श्रेणी में दिए गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन भी किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग के उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा, उद्यान विभाग के जिला अधिकारी डॉ. मदन लाल, खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, साहब सिंह डब्बास, महेन्द्र सिंह त्यागी, ओमपाल मढ़ान, डॉ. विजेता, चरण सिंह मढ़ान, राजबीर, रणधीर सिंह वच अमनदीप सिंह वर्कि सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहें।

---



तरावड़ी। भाजपा के वस्तिारक उमा शंकर का स्वागत करते हुये मंडल अध्यक्ष डा. प्रवीण गुप्ता। फोटोः हरिभूमि

## भारत संकल्प यात्रा से लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

- नीलोखेड़ी विधानसभा भाजपा के विस्तारक उमा शंकर तरावड़ी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

नीलोखेड़ी विधानसभा भाजपा के विस्तारक उमा शंकर रविवार को तरावड़ी मंडल के कार्यकताओं को मिलने के लिये तरावड़ी मंडल के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता के कार्यालय मे पहुंचे। जहां पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों पर चर्चा करते हुये उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनर्भिर और विकसित भारत बनाने का दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा।

इस अवसर पर उमा शंकर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले, इसी प्रकार से मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी बेतरीन तरीके से जिंदगी जिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खेल नीति को आगे बढ़ाने का काम किया है, जिसकी बदौलत आज खेलों में देश में हरियाणा का नाम सबसे पहले आता है।

#### मिल रहा लाभ

इस मौके पर तरावड़ी मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को परिवार पहचान पत्र से जोड़कर पात्र लाभार्थियों को घर बैठे ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है आज लोगों के घर बैठे ही बीपीएल कार्ड बन रहे हैं तथा वृद्धावस्था भता का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार कौशल रोजगार निगम के माध्यम से जिन बीपीएल परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रुपये से कम है उन परिवारों के उम्मीदवारों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री

---

## 'प्रत्येक विद्यार्थी देश का भविष्य'

- भाविप ने विद्यार्थियों को ठंड के से बचाव के लिए जर्सी वितरीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा राजकीय उच्च वद्यिालय, सरकारी स्कूल नगला मेघा करनाल में पढ़ने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को ठंड के मौसम से बचाव के लिए निःशुल्क जर्सी वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग पंकज एवं सुरेन्द्र सिंगला पूर्व चेयरमैन नगरपालिका घरौंडा का रहा स्कूल स्टाफ द्वारा शाखा का स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला समाज सेवी सुरेन्द्र सिंगला तथा स्कूल प्रधानाचार्य सुभाष चंद एवं शाखा के पदाधिकारियों की गरिमामई उपस्तिथि में लगभग 80 जरूरतमंद बच्चों को जर्सी वितरित की गई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी देश का भविष्य है और देश की प्रगति में वद्यिार्थी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है सशक्त राष्ट्र के निर्माण में उन्हें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए छात्रशक्ति में ही राष्ट्र की शक्ति निहित है, जो तभी संभव है जब वद्यिार्थी कुशल व्यक्तत्वि और कुशल नेतृत्व का गुण धारण करें सामाजिक संस्थाओं की ये नैतिक जम्मिेदारी बनती है कि जरूरतमंद वद्यिार्थियो की हर तरह से मदद करे इसके अलावा अध्यक्ष महोदय द्वारा परिषद् द्वारा किए गए अन्य कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### शीशगंज गुरूद्वारे में पंचम पर्व मनाया

**तरावड़ी।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज जी के महान शहीदी गुरूपूर्व पर तरावड़ी के ऐतिहासिक शीशगंज गुरूद्वारे में समागम का आयोजन किया गया। जिसमें दरबार साहिब अमृतसर से हजूर रागी जत्थे भाई रणधीर सिंह, लुधियाना से भाई मनजीत सिंह, कथावाचक जसविन्द्र सिंह कविशरी जत्था भाई गुरमीत सिंह, प्रचारक भाई प्रगट सिंह, हैड ग्रंथी सूबा सिंह, मीत ग्रंथी राणा प्रताप सिंह ने गुरु की महिमा का बखान किया। बीते दिनों शुरू किए गए अखंड पाठ का भोग डाला गया। इस दौरान कीर्तन दरबार सजाया गया। रागी, ढाडी एवं प्रचारकों ने गुरू की महिमा का बखान किया। तरावड़ी के ऐतिहासिक नौंवी पातशाही शीशगंज गुरूद्वारे में पंचम पर्व भी मनाया गया।

## बुद्धि राजा ने सरकार पर बोला हमला

- कौशल रोज़गार के नाम पर प्रदेश के युवाओं से विदेश में मज़दूरी करवाना चाहती है खट्टर सरकार: बुद्धिराजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



एक ओर तो हरियाणा में पिछले कई सालों से लटकी पड़ी 60 हज़ार सरकारी नौकरियों की भर्ती को तो हरियाणा सरकार भरना नहीं चाहती दूसरी ओर युवाओं को हरियाणा कौशल रोज़गार निगम लिमिटेड विदेशों में मज़दूरी करने और सक्यिोरिटी गार्ड के रूप में काम करने के लिए भेजने की कोशिश में जुटा है यह आरोप लगाया यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दव्यिांशु बुद्धि राजा ने। यहाँ रविवार को प्रेस को संबोधित करते हुए बुद्धिराजा ने कहा कि एक ओर हरियाणा में पिछले कई सालों से वज्ञिापित 60 हज़ार नौकरियाँ हरियाणा सरकार भर नहीं पा रही दूसरी ओर हज़ारों की तादाद में सरकारी संस्था हरियाणा कौशल रोज़गार निगम लिमिटेड इज़राइल, दुबई और यूके में मज़दूरों, सक्यिोरिटी गार्ड और स्टाफ़ नर्स को भेजने के लिए वज्ञिापन जारी कर रही है। बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि एचकेआरएनएल इमग्रिशन का अड्डा बना हुआ है और हरियाणा सरकार खुद एजेंट बन गई है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल से पूछा कि क्या हरियाणा से रोज़गार इतने विलुप्त हो चुके हैं कि मज़दूरी करने व सक्यिोरिटी गार्ड लगने के लिए भी विदेश जाना पड़ेगा? बुद्धि राजा ने हरियाणा सरकार पर युवाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि कहाँ तो माननीय मुख्यमंत्रीजी बड़े बड़े दावे करते थे कि विदेशी कंपनियों को हरियाणा लेकर आएंगे और यहाँ रोज़गार सृजित करेंगे। युवाओं को मज़दूरी और सिक्योरिटी गार्ड जैसी नौकरी करने को मजबूर किया जा रहा है।

---

## आमजन को विकसित भारत संकल्प यात्रा से हो रहा लाभ : कल्याण

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा है कि जहां जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुँच रही है वहाँ पर आमजन को सरकार की योजनाओं की पूरी जानकारी व उनका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक अनूठी पहल है तथा इससे पहले की सरकारों ने सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कभी भी गंभीरता से नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बीते 9 वर्षों में लगातार अंत्योदय की भावना से काम किया है तथा सर्व समाज के गरीबों के हित में अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं बनाई है जो वास्तव में करोड़ों लोगों को लाभान्वित कर रहीं है। जिस प्रकार देश के प्रधानमन्त्री कहते है कि जब तक देश के गरीब आदमी का उत्थान नहीं होगा तब तक देश पूरी तरह से विकसित नहीं हो सकता।

विधायक कल्याण ने कहा कि उसी तर्ज पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रदेश में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाने का काम किया है ताकि वो सभी योजनाऐं उन पात्र व्यक्तियों तक भी पहुंचे जिनको वास्तव में उनकी जरूरत है। विधायक कल्याण ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने नारे देने का काम ज़्यादा किया था।

## विधायक को किया सम्मानित

- अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। मन्दिर समिति की ओर से पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी को सम्मानित करते हुये सदस्य। फोटोः हरिभूमि

कुरुक्षेत्रा विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र द्वारा 48 कोस के आसपास के गांवों में प्राचीन मंदिरों व धार्मिक स्थल पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

रविवार को सीतामाई मे प्राचीन मंदिर देववती तीर्थ एवं प्राचीन माता सीता जी का मंदिर व गांव सौंकड़ा के प्राचीन गणेश कुंडी धूधी राज तीरथ मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला व हल्का विधानसभा नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर इन प्राचीन तीर्थ स्थलों पर अपनी हाजिरी लगाई। भाजपा सरकार ने इन ऐतिहासिक मंदिरों पर इन कार्यक्रम का आयोजन करके हरियाणा की संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया है। हम सरकार का धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर मंदिर की समिति द्वारा मुख्यमंत्री ओएसडी संजय बठला एवं पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी को शाल ओढा कर उनका मान सम्मान बढ़ाया।



## 100 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**करनाल।** हरियाणा पत्रकार संघ की ओर से प्रेस, पुलिस, पब्लिक व पोलिटिशियन की साझे सहयोग से 100 से अधिक विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने रक्तदान देकर मानवीय कार्य में अपनी सशक्त भागीदारी निभा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। खास बात यह रही कि विभिन्न मंचों पर एक दूसरे पर टीका-टिप्पणी करने वाले विभिन्न पार्टियों के नेता एक दूसरे के संग हंसी-ठिठोली करने के बाद एक साथ रक्त दान करते नजर आए। प्रेस के साथियों के साथ-साथ पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न वर्ग के लोगों ने रक्त दान देकर कर मुक्त कंठ से हरियाणा पत्रकार संघ की इस पहल को पुनीत, अनोखी व सराहनीय बताया। मौके पर बतौर मुख्यअतिथि करनाल रेंज के आईजी सत्येन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रेस, पुलिस, पब्लिक व पोलिटिशियन के इस अनूठे सहयोग की प्रशंसा की।

---

### 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को किया सम्मानित

# लम्बित मांगों को लेकर बठला को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



हरियाणा सिविल पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन और पेंशनर्स दिवस पंचायत भवन करनाल में मनाया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में पेंशनर्स शामिल हुये।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर संजय बठला मुख्यमंत्री प्रतिनिधि व डा. बलबीर सिंह वर्कि, निदेशक वर्कि हस्पताल करनाल, सतीश कुमार बोहत सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक एस.बी.आई. तथा राजबीर सिंह खुडिया डी.डी.पी.ओ. करनाल विशष्ठि अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.एल. दुरेजा प्रान्तीय प्रधान ने की। कार्यक्रम में एसोसिएशन से सम्बद्व अन्य शाखाओं के प्रधान व प्रतिनिधि भी पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुभाष यादव ने किया सभी पेंशनर्स का स्वागत सम्मान व आभार व्यक्त किया गया। पेंशनर्स की लम्बित मांगो पर विचार-विमर्श किया गया। 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को मोहन देवी मैमोरियल अवार्ड से सम्मानित कर स्मृति चिह्न व शाल ओढा कर किया जिनमें विनोद कुमार, विनोद ओबराय, ओम नारायण सचदेवा, ईश्वर सिंह, सुशीला जुनेजा, पी.एन. मल्होत्रा, बी.के. धमीजा, भगवत सिंह तौमर आदि थे।

डी.डी.पी.ओ. करनाल आर.एस. खुंडिया, बैंक अधिकारी एवं विर्क हस्पताल के निदेशक ने भी पेंशनर्स को सम्बोधित किया कार्यक्रम में सतीश मिडडा व अन्य द्वारा सभी का मनोरंजन किया। दिसम्बर माह में जन्में पैन्शरज़ का जन्मदिवस केक काटकर व उपहार देकर मनाया जिनमें राम प्रकाश शर्मा प्रेस सचिव, बलवन्त सिंह, माई चन्द, आर.बी. गोयल, प्रेम सिंह, जगदीश, राजेन्द्र प्रसाद, मधुबाला आदि थे। पेंशनर्स की लम्बित मांगो का मांग पत्र मुख्य अतिथि संजय बठला को सौंपा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वी.के. मैहता, एच.एल. सेठी, बी.बी.गोयल, राम नारायण, एम.एस.तंवर, ए.पी. कठपालिया, ओ.एन. मलिक, सुरेश खन्ना, अशोक मन्चंदा, ईश्वर शर्मा, अशवनी भारद्वाज, सुभाष ढुरेजा, अविनाशवंती, के.एल.रंगा, श्याम सिंह राणा, महावीर सिंह, अनिता, महेन्द्र नरवाल, बिमला यादव, जगदीश चावला, घनश्याम दास रखेजा, आशा उप्पल, धर्मदेव दहिया, अयोध्या प्रसाद, चन्द्र भान, रामबिलास, आर.एल. अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

## सीजीसी शिक्षा सुधार समिति सदस्यों ने स्कूलों का किया दौरा



**करनाल।** जिला शिक्षा अधिकारी करनाल की प्रेरणा से सीजीसी शिक्षा सुधार समिति सदस्यों द्वारा प्रधान डा. एस के गोयल अध्यक्षता में 10 स्कूलों का दौरा किया गया। प्रत्येक स्कूल में सीजीसी की टीम द्वारा बच्चों को संस्कार, नैतिक शक्षिा, चरत्रि नर्मिाण व यातायात नियम के बारे में वस्तिार से जानकारी दी गई। सीजीसी के सदस्य राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय मॉडल टाउन करनाल, राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय एवं राजकीय कन्या वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय रेलवे रोड करनाल, राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय एवं राजकीय कन्या वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय प्रेम नगर करनाल, राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय मंगलपुर, राजकीय कन्या वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय एवं राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय कुंजपुरा, राजकीय कन्या वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय एवं राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय घरौंडा में जाकर बच्चों को मिले। इस दौरान कुछ स्कूलों में बच्चों के पेरेंट्स को पीटीएम का महत्व बताया गया। मेगा पीटीएम को लेकर भी जानकारी दी। दूसरे चरण में छुट्टियों के बाद 15 स्कूलों में जाकर नैतिक शक्षिा, संस्कार, चरत्रि नर्मिाण व यातायात के नियमों बारे बताया जाएगा। इस अवसर पर केएल विरमानी, ओपी सचदेवा, संतोष अत्रेजा, अंजु शर्मा, एसके शर्मा, स्वतंत्र कुकरेजा, मीनू सिंगला, लेखराज गर्ग, विपिन शर्मा, निशिकांत मत्तिल, डीएन अरोड़ा, एसएम कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कैंप में 400 मरीजों की जांच कर दी दवाई

**पानीपत।** श्री राधा कृष्ण गौशाला व चिकित्सालय द्वारा 36वा फ्री मेडिकल गीता मंदिर गीता कॉलोनी में स्वास्थ्य जाँच कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन संजीव जैन के नेतृत्व में किया गया। जिसमे डा.महावीर गुप्ता,डा.प्रीति देशवाल, डा.परवद्रिं, डा.महिमा ने लगभग 400 मरीजों की जांच की तथा कैंप में मरीजों को फ्री दवाईयां भी दी गई।

### जन सेवा दल के कैंप में जांची 90 मरीजों की हड्डियां

**पानीपत।** डीएन बत्रा हॉस्पिटल में जन सेवा दल द्वारा आज हड्डियों का जांच कैंप लगाया गया। कैंप की शुरुआत मुख्य अतिथि वार्ड 15 से पार्षद सुमन छाबड़ा द्वारा किया गया। 90 मरीजों की हड्डी विशेषज्ञ डा.सागर अरोड़ा ने जांच की।

### यमुना एक्लेव गुरूद्वारा में सजा कीर्तन दरबार

**पानीपत।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित यमुना एक्लेव गुरूद्वारा में श्री गुरुनानक देव सिंह सभा में संक्रांत के उपलक्ष्य में कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें सेवा सोसाइटी के रंजीम ने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। उन्होंने गुरु जी की शहादत के बारे में संगत को विस्तार से बताया कि हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने कुर्बानी दी।

### अवैध 135 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**इसराना।** डाहर गोल चक्कर के पास बने टीन गौदाम से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर मौके से 3 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 135 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

### सेवा भारती करेगी छात्रावास का निर्माणर

**पानीपत।** सेवा भारती हरियाणा प्रदेश द्वारा ज्ञानदीप सेवा धाम जाटल रोड में माता जीजा बाई बालिका छात्रावास बनाया जायेगा। जिसके लिए आज हवन यज्ञ कर भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

### बुजुर्गों को सम्मानित करने का अभियान जारी रहेगा

**समालखा।** हलके के गांव राकसेड़ा में आज सरपंच रामधन सैनी के नेतृत्व में कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हलके के सभी बड़े बुजुर्गों एवं महिलाओं को मुख्य अतिथि जनसेवक शशिकांत कौशिक व एसपी अजीत सिंह शेखावत द्वारा कम्बल वितरित कर सम्मानित किया गया।

### आईपीएस सृष्टि गुप्ता होंगी समालखा की एएसपी

**समालखा।** समालखा में 2021 बैच की महिला आईपीएस सृष्टि गुप्ता अब एएसपी का कार्यभार संभालेगी। फिलहाल आईपीएस मयंक समालखा के एएसपी का काम संभाल रहे हैं। इसी के साथ जिले में अब तीन आईपीएस अधिकारी हो जाएंगे।

### चुलकाना धाम में जागरण का आयोजन

**समालखा।** करनाल जिले के तरावड़ी शहर से श्री श्याम बाबा की पैदल रथयात्रा एवं ध्वज यात्रा लेकर भक्त आज चुलकाना धाम पहुंचे। श्री श्याम प्रचार प्रसार समिति ने भक्तों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### थैलेसेमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाए शिविर

**पानीपत।** गुरुद्वारा श्री पहली पातशाही में आज थैलेसेमिया पीडित बच्चों के सहायतार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर सेवा दल, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य नरेंद्र गुप्ता, इनर व्हील क्लब, बिजी सॉफ्टवेयर, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुल 80 यूनिट रक्त रेडक्रॉस ब्लड बैंक पानीपत को उपलब्ध करवाया गया।

---

### रक्तदान से किसी की जान बचती ही है, हम स्वयं भी स्वस्थ्य रहते हैं

# सेना के लिए लगाए गए शिविर में 141 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्री कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन द्वारा आज 37वां रक्तदान कैंप श्री राधा कृष्ण गोशाला ट्रस्ट, हेल्पिंग यूथ वेलफेयर सोसाइटी, शहीद भगत सिंह ब्रिगेड, इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन, पानीपत इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन, आसरा फाउंडेशन, फूड सेवा क्लब, आदर्श एक विश्वास समिति के संयुक्त तत्वाधान में गीता मंदिर गीता कॉलोनी में भारतीय सेना के लिए आयोजित किया गया। जिसमें रक्त की 141 यूनिट दिल्ली से आर्मी की टीम ने एकत्रित किया। इस कैंप में शहीदे आजम भगत सिंह के भाई के पोते सरदार यादविंद्र सिंह रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए टीम के साथ पहुंचे। कवि हरगोबिन्द झाम्ब कमल ने शहीदे आजम भगत सिंह पर अपनी कविता सुनाते हुए रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाया। यादविंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे हम न केवल किसी अपरिचित की जान बचा सकते हैं बल्कि अपना स्वास्थ्य भी सही रख सकते हैं। इसलिए हर स्वस्थ्य युवा को तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। वहीं शिविर में मुख्यमंत्री के



**पानीपत।** यादविंद्र संधू को गंगा जल भेंट करते हुएमेयर अवनीत कौर, हरगोविंद झांब व अशोक कैलाशी व अन्य।

ओएसडी गजेंद्र फोगाट, मेयर अवनीत कौर, पूर्व मेयर स.भूपेन्द्र सिंह परिष्ठ कांग्रेस नेता बुल्ले शाह व शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं 250 लोगों ने अपनी आंखें की जांच कराई। यहां पर फ्री मेडिकल कैंप भी लगा हुआ था। रक्तदाताओं को मग, मैडल,गंगाजल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी, कुलदीप गोयल, कप्तान मडहोत्रा, सुरेश प्रजापति, विजय सैनी, मयंक पाहवा, पुष्पेंद्र जिंदल, ललित कुमार,संजय धीमान, एडवोकेट अनुराधा गर्ग, वंशिका गोयल, सीमा, पुजा, शिवाली, हिमांशी,



**पानीपत।** यादविंद्र संधू को सम्मानित करते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

मुस्कान, राजकुमार भारद्वाज, पवन मत्तिल, इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की प्रधान नीतू छाबड़ा,चार्टर प्रेसिडेंट कंचन सागर, सचिव डा.अनु कालड़ा, उप प्रधान मुक्ता नागपाल, कोषाध्यक्ष रूपाली चोपड़ा, स्वाति गोयल संपादिका, मंजरी गोयल, आईएसओ प्रियंका दुआ, रितिक गर्ग, नीतू, सोनू छाबड़ा, मोनिका बठला,वंदना दुआ, अम्बिका गोयल, पूर्व प्रधान सीमा बब्बर, दीपिका छाबरा, पूजा मल्होत्रा, तान्या मल्होत्रा, सुनीता गुलाटी, पिंकी सैनी, कविता गोयल,ज्योति रहेजा, सदस्य दीप्ति जैन, शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के अंकित तेहरी आदि लोग मौजूद रहे।

---

# 'प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार'

- कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं दी जाएंगी : सचिन कुंडू

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** अशोक विहार कॉलोनी में बोलते हुए कांग्रेस नेता सचिन कुंडू।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू ने आज हल्का पानीपत ग्रामीण की अशोक विहार कॉलोनी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता महंगाई, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं न होना, बेरोजगारी के बोझ तले दब रही है। प्रदेश की समस्त कॉलोनियां का बड़ा ही बुरा हाल है। सभी जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लोगों का रास्तों पर निकलना मुश्किल हो गया है। गलियों में नालियों का गंदा पानी बह रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप डेंगू जैसी भयानक बीमारियां फैल रही हैं। पीने के पानी के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा -जजपा सरकार प्रदेश की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में असफल रही। सचिन कुंडू ने वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर फिर से प्रदेश की जनता को सभी सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर दीपक खटकड़, कृष्ण फौजी, शुभम, ब्रह्मपाल प्रजापत, जयकुमार प्रजापत, संदीप, सौरभ, मामू, अकबर,इमरान, मोहित बिंझोल आदि लोग मौजूद रहे।



## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिया निमंत्रण

**पानीपत।** श्री राम प्राण प्रतिष्ठा अभियान को लेकर शिव मंदिर सेक्टर 24,आजाद नगर, मतलोडा खंड , इसराना खंड, बापौली खंड व बाबेल खंड तथा हेमराज उपनगर व जिले के अनेक स्थानों तथा मंदिरों में बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, अभियान के पालक, जिला संयोजक विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अभियान के तहत लोगों को घर-घर जाकर 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने के कार्यक्रम पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर रोशन जोहर, विक्की कत्याल, महेंद्र,राजेश सैनी, कृष्ण वशष्ठि, सुरेंद्र राठौर, प्रदीप कुमार, कौशल शर्मा, प्रवीण कुमार, जितेंद्र सिंह, सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### गीता जयंती को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठक सम्पन्न

**पानीपत।** श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता समिति पानीपत व सनातन धर्म संगठन पानीपत की ओर हैदराबादी स्कूल में बैठक आयोजित की गई। बैठक हरिद्वार से पधारे संत अरूण दास व संत ब्रहम ऋषी के सानिध्य में हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन प्रधान श्री कृष्ण रेवड़ी ने की। इस बैठक में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक, समाजिक संस्थाओं के 100 के करीब सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पानीपत में गीता जयंती महोत्सव मनाने के बारे में विचार विमर्श कर रूप रेखा तैयार की गई। सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। गीता जयंती के उपलक्ष्य में 21 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

---



## अभिभावक बच्चों को खान पान के साथ अच्छे संस्कार दें : मोना गुप्ता

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव काकौदा में स्थित डीआर इंटरनेशनल स्कूल में बाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नरेंद्र मलिक व आकाश मलिक थे। स्कूल प्राचार्य मोना गुप्ता ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के कच्चे घड़े के समान होते हैं। जैसी बच्चों में आदत डालोगे आगे चलकर वहीं अपनायेगा। मां-बाप बच्चे के सबसे पहले शिक्षक होते हैं। बच्चा घर से ही सब कुछ सिखता है इसलिए उनमें अच्छे संस्कार डालें। इस कार्यक्रम में नन्हें कलाकार काव्य,आधुनिक वस्त्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऋचा, नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय तथा दिव्यांशी, कविता प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका मोना गुप्ता ने नन्हें बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आकाश मलिक, नरेन्द्र मलिक कौच, विकास भनोत्त, बबिता गुजराल, सीमा मलिक, रूपम सूर्यवंशी, रेवती शर्मा, सुरीना, निक्की, मुकेश अग्रवाल तथा रीतू आदि मौजूद थे।

# नैनो हर्बल गार्डन का किया शुभारंभ

- आज हरित हरियाणा अभियान के तहत 31 हर्बल गुणों से युक्त पौधे रोपित किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ददलाना में आज मुख्य अध्यापक सतीश कुमार के मार्गदर्शन में और ग्रीनमैन सहायक प्रो. दलजीत कुमार के स्वैच्छिक सहयोग से हर्बल गार्डन बनाने का काम आरम्भ किया गया। मुख्य अध्यापक सतीश कुमार ने बताया कि स्कूल प्रांगण में नैनो.हर्बल गार्डन बनाने की जिम्मेदारी स्वेच्छा से देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में कार्यरत सहायक प्रो. दलजीत कुमार ने ग्रहण



**पानीपत।** गांव ददलाना में नैनो हर्बल गार्डन में पौधे रोपित करते हुए प्रो .दलजीत कुमार व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

की है। वहीं प्रो. दलजीत कुमार ने कहा कि आज हरित हरियाणा अभियान के तहत 31 हर्बल गुणों से युक्त पौधे रोपित किए गए। जिसमें मुख्य रूप केदार तुलसी, बद्री तुलसी, कपूर तुलसी, सहजन, इंसुलिन, इलायची, लेमनग्रास, चम्पा, पथरचट, अजवायन, सुदर्शन आदि रोपित किए गए और इसके साथ ही अनेक प्रकार के औषधीय गुणों से युक्त पौधे नैनो.हर्बल गार्डन में रोपित किए जाएंगे। प्रो. दलजीत ने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। प्रवेश राणा पंच, दीपांशु, वीरेन, अंसुल व दीपक आदि मौजूद रहे।

# शिविर में मिले 16 मोतियाबिंद के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डस्पिेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.मुकुल आहूजा व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 107 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 16 व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया। इन व्यक्तियों को मधुबन अर्पणा अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाकर जांच उपरान्त आपरेशन किये जोयेगें तथा



**पानीपत।** शिविर में मरीजों की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

इन व्यक्तियों के रहने, खाने, पीने, भोजन आदि का प्रबंध हस्पताल करेगा। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आन्नद, महासचिव रामस्वरूप चावला, पूर्व प्रधान सुंदर लाल वधवा, तिलक राज छोकरा, राकेश आनंद, राजन छोकरा, सुभाष पुनानी, गुलशन छोकरा व गौरव छोकरा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

# समाज सेवा संगठन ने बांटे गर्म कपड़े

- हमें संगठन का हौंसला बढ़ाना चाहिए : गोपाल तायल

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

समाज सेवा संगठन द्वारा रविवार को अग्रवाल भवन में झुग्गी झोपडी में रहने वाले बच्चों औरतों को गर्म कपड़े वितरण के साथ ही इस अभियान की शुरुआत मुख्य अतिथि गोपाल तायल ने की। मुख्य अतिथि ने कहा गर्म कपड़े वितरण कर समाज सेवा संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको इनका हौसला बढ़ाना चाहिए। वहीं संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरुआत



**पानीपत।** गर्म कपड़े वितरित करते हुए गोपाल तायल, प्रवीण जैन व अन्य।

अग्रवाल भवन में आस पास के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों व औरतों को 300 गर्म जैकेट व सूट वितरण के साथ की है। अब 19 दिसम्बर वार्ड 11 बुजुर्ग आश्रम में, 24 दिसम्बर को बलाना रोड स्लिम बस्ती, 31 दिसम्बर परशुराम धर्मशाला हरी नगर, 7 जनवरी जैन स्थानक अग्रवाल मण्डी, 14 जनवरी थर्मल के पास झुग्गी झोपड़ी में व आगे जहां भी बन पाएगा ये अभियान समाज सेवियों के सहयोग से जारी रहेगा। प्रवीण जैन ने कहा कि समाज सेवा संगठन की और से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्म कपड़े वितरण आभियान 17

### राम मंदिर पर राजनीति न करे कोई भी पार्टी

**समालखा।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस की वरष्ठि नेत्री किरण चौधरी ने कहा कि हरियाणा में नश्चिति तौर पर कांग्रेस सरकार बनायेगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले दस वर्ष से प्रदेश में झूठ व जुमलों की सरकार चल रही है। किरण चौधरी आज दल्लिी से चंडीगढ जाते समय कुछ देर के लिए समालखा ब्ल्यू जे रेस्टोरेंट में रूकी। इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता साहिल खुराना, वरष्ठि नेता श्रीप्रकाश बंसल व बाबूराम कौशिक, राम सिंह सरोहा, पूर्व सरपंच भूवनेश व पूर्व ब्लॉक समीति चेयरमैन राजेश कुमार बड़ौली के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा पर जात पात व धर्म की राजनीति करने

# एसोसिएशन के प्रधान बने डॉ. अशोक

- सदस्यों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य कॉलेज में आज हरियाणा गवर्नमेंट एडिड कॉलेज प्रिंसिपल एसोसिएशन कार्यकारिणी की आम सभा व द्विवार्षिक चुनाव सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के लगभग 25 कॉलेजों के प्राचार्यों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह रहे। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कुलपति डॉ. रणपाल सिंह व एडिड कॉलेजों की एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अशोक चौधरी, महासचिव



**पानीपत।** आर्य कालेज में पहुंचे एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा .जगदीश गुप्ता व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

डॉ.सुरेंद्र राणा एवं सभी सदस्यों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश के उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अशोक चौधरी ने बताया कि कि सहायता प्राप्त महाविद्यालय के कर्मचारियों को मकान का किराया भत्ता सातवें वेतन आयोग के अनुसार दिया जाए व मेडिकल स्कीम लागू की जाए। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. कामदेव झा, एके वाजपेयी, डॉ. कुशपाल लाडवा, डॉ. अंजना लोहान नरवाना, डॉ. पूनम, एसडी कॉलेज पानीपत के प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, डॉ. किरण आंगर अंबाला सिटी, डॉ. गुरूचरण फतेहाबाद, डॉ. अंजना लोहान आदि मौजूद रहे।

---

### गुरु ब्रह्मानंद जी कलयुग में भगवान का अवतार थे : सत्यवान शेरा

# गुरु ब्रह्मानंद ने समाज कल्याण को जीवन समर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭इसराना

जगत गुरु ब्रह्मानंद ने अपना सारा जीवन सामाजिक कल्याण ओर महिला शिक्षा, आपसी भाईचारा कायम रखने और छुआछात को मिटाने में लगा दिया था। गुरु ब्रह्मानंद जी कलयुग में भगवान का अवतार थे। यह विचार हल्का इसराना के मतलौडा अनाज मंडी में भाजपा प्रदेश सचिव सत्यवान शेरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो पूर्व काल में गुरु ब्रह्मानंद जी ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए



**इसराना।** भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते हुए आशु सत्यवान शेरा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

कदम उठाया था आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसी रास्ते पर चलते हुए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण बिल पास करवा कर महिलाओं को आगे बढ्ने का अवसर प्रदान किया है। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्नातक तक की महिलाओं के

**कढ़ी चावल की कढ़ाई में राजनीतिक तड़का**

मतलौडा में आयोजित गुरु ब्रह्मानंद जयंती एक धार्मिक कार्यक्रम था। इसमें विशेष रूप से भंडारा लगाया गया था। जिसमें कढ़ी -चावल बना हुआ था। जब मुख्य अतिथि ओर कार्यक्रम के आयोजक सत्यवान शेरा ने बोलना शुरू किया तो पंडाल में लोग भंडारे में बने कढ़ी-चावल पर टुट पड़े कि छिना झपटीं में कपड़े भी खराब हो गये। वहीं आयोजक पंडाल खाली होते देख भंडारा स्थल पर पहुंचे और लोगों से सभा में पहुंचकर भाषण सुनने की अपील करते रहे पर किसी ने एक नहीं सुनी।

लिए शिक्षा मुफ्त है ओर पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद चेयरपर्सन आशु सत्यवान शेरा, जिला महामंत्री सुनील जोगी परढाना, दिनेश घनघस,धानक समाज के जिला अध्यक्ष कृष्ण दुग्गल, मा.शमशेर सिंह, संदीप कुमार, आजाद सिंह, सुरेश आर्य, चांद भाटिया, गुरु दयानंद स्वामी, योगेश नंद, हवा सिंह, साध्वी सविधा देवी आदि उपस्थित थे।



## हरियाणा चैम्बर ऑफ कामर्स ने समस्याओं पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

होटल गोल्ड में आज हरियाणा चैम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी एवं सलाहाकार समिति मीटिंग हुई। जिसमें मांग की गई कि किसी दुर्घटना की स्थिति में इंडस्ट्री पर किसी भी प्रकार की एफआईआर जांच पड़ताल के बाद होनी चाहिए, पानीपत में फायर बिग्रेड के इन्तेजाम बहुत ही निन्न स्तर पर है। जिससे जब भी किसी इंडस्ट्री में आगजनी होती है तो अत्याधिक नुकसान होता है। इसलिए फायर बिग्रेड का इन्तेजाम आधुनिक होना चाहिए। वहीं कमेटी की अगली आम सभा 20 जनवरी को करने का भी ऐलान किया गया। इसके अलावा से अन्य परेशानियों को लेकर अधिकारियों के साथ जल्द ही मीटिंग करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर चेयरमैन विनोद धमीजा, सुरेश तायल, रमेश वर्मा, एचएसधम्मू, राम प्रताप गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, सुरेश गुप्ता व मलिक राज आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सीता-राम विवाह महोत्सव में निकाली राम की बारात

**नारायणगढ़।** श्रीमहाकाली मंदिर में सीता-राम विवाह महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला संकीर्तन के साथ-साथ पूजन भी किया गया तथा श्रीराम की बारात भी निकाली गई। इस बारात में अनेकों महिलाओं तथा पुरूषों ने भाग लिया।

### 24 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी इंद्रपाल को 24 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को शराब समेत काबू किया है।

### सीवन माजरा से विवाहिता लापता

**बराड़ा।** गांव सीवन माजरा से एक विवाहिता के लापता हो गई है। गांव के मेहर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। बडा लडक़ा नीलू राम लगभग दो वर्ष से मलेशिया गया हुआ है। उसके पास दो बच्चे है। उसकी पत्नी रीटा अपने बच्चों के साथ रहती है। 13 दिसंबर को रीटा किसी को बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आप की बदलाव यात्रा शहर में प्रवेश

# पूर्व मंत्री बोले-प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था बेहाल, 1585 स्कूलों में शौचालय तक नहीं

बाजारों से होकर निकली यात्रा का लोगों को मिला भरपूर समर्थन, चित्रा बोली, केजरीवाल के दिल्ली मॉडल की पूरी दुनिया में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





**अंबाला।** शहर के बाजारों से होकर निकलती आप की बदलाव यात्रा का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी की की ओर से निकाली जा हरी प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा रविवार को अंबाला शहर में प्रवेश कर गई। आप के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं पूर्व मंत्री चौधरी नर्मिल सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष चत्रिा सरवारा इस बदलाव यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। अंबाला शहर की सड़कों से होकर निकली यात्रा मंजी साहिब गुरुद्वारा से शुरू होकर जगाधरी गेट पर संपन्न हुई। यात्रा का अंबाला शहर के मुख्य बाजारों में समाजसेवी लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया गया। इस दौरान उनके साथ लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोक्ष पसरीजा भी मौजूद रहे। चौधरी नर्मिल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा आम आदमी पार्टी के संयोजक और दल्लिी के सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन को प्रदेश के हर घर तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही है। बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, शक्षिा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी इन सभी मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा जारी है। बदलाव यात्रा को प्रदेश की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शक्षिा व्यवस्था आम आदमी पार्टी की प्राथमिकता में है। इसका जीता जागता उदाहरण दल्लिी की अरविंद केजरीवाल सरकार है। एक तरफ जहां दल्लिी में आम आदमी पार्टी ने शक्षिा व्यवस्था में क्रांति लाई है, वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाएं हैं। जिसकी चर्चा विदेशों तक है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में शक्षिा व्यवस्था का बुरा हाल है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में खुद माना है कि यहां1585 स्कूलों में शौचालय नहीं है जिसमें से 550 स्कूल छात्राओं के हैं। 236 स्कूलों में बिजली के कनेक्शन नहीं हैं, 30 हजार से ज्यादा शक्षिकों के पद खाली पड़े हैं। 8240 क्लास रुम की कमी है। आजादी के 76 साल बाद भी बच्चे टाट पर बैठते हैं, 20 किलोमीटर के दायरे में साइंस स्ट्रीम नहीं हैं। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सरकार ने 10675 करोड़ रुपए का बजट स्कूलों पर बिना खर्च किए वापस भेज दिया। शक्षिा व्यवस्था भाजपा सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। इसलिए इस बदलाव यात्रा के माध्यम से आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल के विजन को प्रदेश के लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे लोगों की पार्टी है। भाजपा ने 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया था और किसानों से एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किया था। इसके अलावा बहुत से वादे भाजपा ने सरकार में आने से पहले किए थे। लेकिए एक भी वादा पूरा करने में भाजपा सरकार नाकाम रही है। अब लोगों का भाजपा सरकार से लोगों का वश्विास उठ चुका है और लोग बदलाव के लिए तैयार है। चत्रिा ने कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा के प्रदेश के गांव में काले झंडे दिखाए जा रहे हैं और भाजपा की यात्रा को करवाने के लिए गांव के सरपंचों पर प्रशासन द्वारा दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ जो दुर्वव्यवहार किया वो पूरी दुनिया ने देखा। इसलिए भाजपा कुछ भी करले लेकिन उनकी संकल्प यात्रा लोगों के दिलों तक कभी नहीं पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में दल्लिी और पंजाब में किए गए आम आदमी पार्टी के कामों की चर्चा है।



**अंबाला।** जजपा के कार्यकारिणी में मनोनीत हुए पदाधिकारी जिलाध्यक्ष दलबीर पुनिया के साथ। फोटो :हरिभूमि

## जजपा कार्यकर्ताओं ने किया नए पदाधिकारियों का अभिनंदन

- ताऊ देवी लाल भवन सेक्टर 8 स्थित जजपा कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार को जन नायक जनता पार्टी की मीटिंग ताउ देवी लाल भवन सेक्टर 8 स्थित जजपा कार्यालय अंबाला शहर में हुई । इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह पूनिया ने की । मीटिंग में नम्नि एजेंडों पर विचार किया गया ।सर्व प्रथम पार्टी के वरष्ठि नेता सुरजीत सिंह सौंडा की धर्मपत्नी तथा जिला प्रवक्ता संदीप राणा के पिता डॉक्टर सतपाल राणा के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर शोक प्रकट किया गया। मीटिंग में पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। अनिल जंधेड़ी वरष्ठि जिला उपाध्यक्ष ने जिला उपाध्यक्ष बनाने पर पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया। हरबिलास रज्जू माजरा ने कहा कि पार्टी जो भी कार्य देगी वह तन मन से करेंगे। सरबन सिंह ने जिला उपाध्यक्ष बनाने पर पार्टी की लीडर शिप का धन्यवाद किया। जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह पूनिया ने जिला की कार्यकरिणी के नए बने सदस्यों की बधाई दी और पार्टी की मेंबरशिप की मुहिम में तेजी लाने के आदेश दिए। जिला बार एसोसिएशन के उप प्रधान बनने पर जगतार सिंह को बधाई दी गई। सभी ने फूल मालाएं डाल कर स्वागत किया। इस मौके नायब सिंह गुज्जर, डॉ. एमएस ढल्लिो, मनदीप बोपाराय, हरबंस कक्कड्माजरा, मोहित राणा, शमशेर सिंह राणा, नरेश श्योराण, चुहड़ सिंह, काकू राणा, राजकुमार राणा, मनोज कुमार, करनैल सिंह, मुकेश कुमार, जसवंत सिंह मोहड़ी, भूपिंदर सिंह, वक्रिम सिंह, चमन दुखेडी, चंदर भान, पुनिल संधू, राहुल सोनकर, जसवंत सिंह, अमरनाथ कुराली, रामदास, जतिंदर सिंह, मनोहर लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो भगौड़े पुलिस के हत्थे चढ़े

**बराड़ा।** थाना बराडा में दर्ज मामले में वांछित आरोपी अंकित व विजय को अदालत ने भगौड़ा घोषित किया था। इस मामले में पुलिस ने अब आरोपियों को काबू किया है। दोनों आरोपी अपने खिलाफ पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहे थे। इसी वजह से अदालत ने दोनों आरोपियों को भगौड़ा घोषित कर दिया था। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



**अंबाला।** ब्राह्मण सभा की चयनित नई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

## जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी गठित, सीएम शुक्ला को मिली प्रधानगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पुरानी कार्यकारिणी को विधिवत रूप से भंग करने का किया ऐलान

अंबाला जिला ब्राह्मण सभा, परशुराम भवन मॉडल टाऊन में आम सभा का आयोजन हुआ। इसमें पुरानी कार्यकारिणी को विधिवत भंग किया गया। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें चंद्र मोहन शुक्ला प्रधान, कृष्ण कुमार शर्मा वरष्ठि उप प्रधान, वीरभान शर्मा उप प्रधान, राकेश शर्मा महामंत्री, चंद्र मोहन बक्शी कोषाध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर बृज भूषण कौशिक बोह, रमेश शर्मा, प्राणनाथ शर्मा, रमेश कुमार, सीएम बक्शी, राजद्रिं शर्मा, शशिकांत शर्मा, दिलबाग राय शर्मा, एमजी दत्ता, नरद्रिं कुमार, जुगल किशोर शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, बीबी शर्मा, रजनीश शर्मा जंडली, नरद्रिं शर्मा निंदी, सुदर्शन कुमार शर्मा, रामफल शर्मा, रमेश शर्मा, नरद्रिं शर्मा भी मौजूद रहे।

# सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

जटवाड़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिप चेयरमैन लाड़ी ने किया ग्रामीणों को संबोधित





**शहजानपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का मुआयना करते जिप चेयरमैन व महिला की गोद भराई की रस्म अदा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को जोडक़र मुख्यमंत्री ने एक अनूठी पहल की है। इससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा सके । उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कामों से अवगत करवाया जा सके।

लाड़ी रविवार को गांव जटवाड़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे इस मौके पर उन्होंने ने गांव जटवाड़ में 4 लाख रूपए स्ट्रीट लाईट के लिए देने की घोषणा की। लाडी ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित देश की शपथ दिलवाते हुए कहा कि सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। अंतिम छोर में खड़े योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि बीपीएल की वार्षिक आय सीमा को बढ़ा कर 1.80 लाख रुपए किया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 2750 रुपए मासिक दिया जा रहा है जो नए साल में जनवरी से तीन हजार रुपए मासिक हो जाएगी। बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए सहायता राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में गरीब परिवारों को हरियाणा प्रदेश में लगभग दस लाख रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ भी लाभार्थियों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 6 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 4 लोगों को बीपीएल कार्ड, फैमिली आईडी में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य विभाग ने 130 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें दवाईयां भी दी।

इसी प्रकार नसडोली गांव में 2 आयुष्मान कार्ड, 3 बीपीएल कार्ड, वन विभाग द्वारा 130 पौधे बांटे गए तथा स्वास्थ्य विभाग ने 73 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाई भी दी। यूको बैंक द्वारा 2 लोगों को कार लोन के बारे जानकारी दी गई, 2 पशुपालकों को दवाईयां दी गई, इस मौके बीडीपीओ नेहा शर्मा, मंडल अध्यक्ष शहजादपुर संजीव गुज्जर, जटवाड़ सरपंच सोनी, डीएनटी बोर्ड मेंबर अशोक पाल, मंडल महामंत्री नीटू शर्मा, वक्रिम राणा, बलदेव, सतीश कुमार, ब्लॉक समिति सुभाष, प्रवेश शर्मा, रवन्द्रि, मुकेश, गांव नसडौली पंच हरनेक, सम्मू राणा व सतपाल मौजूद रहें।

## भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति की नई कार्यकारिणी का गठन, सलिंद्र को मिली जिम्मेदारी



**बराड़ा।** समिति की नई कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- सिरसगढ़ आश्रम में मीटिंग के दौरान सहमति से हुआ गठन, प्रधान को पहनाई गई पगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में एक आम बैठक का आयोजन किया गया। इसमें भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा का चुनाव कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन कोरोना के चलते लंबित था। इस बैठक में मौजूद लोगों ने आपसी चर्चा विचार कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सलिंद्र कुमार झाड़ू माजरा को संस्था का प्रधान चुना गया तथा रिंकू मचल को उपप्रधान, सुरजीत परोचा को महासचिव, विनोद मुलाना को सचिव, हरपाल सिंह को सलाहकार, सतीश कुमार रामपुर को मुख्य सलाहकार, सतीश लोहट को कोषाध्यक्ष व प्रदीप कुमार अधोया को सह- कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा नव नर्विाचित प्रधान व पूर्व प्रधान को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सोहनलाल, पालाराम, सलिंदर उगाला, संदीप खोड़ा, गौरव लोहट तथा मोहन परोचा उपस्थित रहे।

## एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे उपराष्ट्रपति, गृहमंत्री ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी श्रीमति डॉ. सुदेश धनखड़ रविवार को हवाई मार्ग से अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। यहां पहुंचने पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, एयर फोर्स के एओसी एस कृष्णन, मेयर शक्ति रानी शर्मा, उपायुक्त डॉ. शालीन, पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा व जिला परिषद् के चेयरमैन राजेश लाडी ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव-2023 में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेने के लिए अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। यहां से हवाई मार्ग के माध्यम से वे कुरूक्षेत्र गए। उपराष्ट्रपति के छावनी एयरफोर्स स्टेशन पर आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। आसपास के एरिया को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया था। बाकायदा यहां धारा 144 लागू की गई थी।



**अंबाला।** छावनी एयरफोर्स स्टेशन पर उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी का अभिनंदन करते गृहमंत्री अनिल विज। फोटो :हरिभूमि

## 47 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई, निःशुल्क चश्में भी बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र चिकत्सिा शिविर में 47 नेत्र रोगियों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के प्रधान प्रीतम गुलाटी ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से आई डॉक्टरों की टीम ने लोगों की आंखों की बिमारियों की जांच की तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें नंबर देने के साथ-साथ चश्में भी दिए गए। गये। उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा, विनोद वर्मा, नरेश शेरपा, मास्टर सतीश कुमार , कुलबीर कपूर, आदर्श गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली से शुरू हुई गुरू तेग बहादुर के शहादत दिवस को लेकर निकाली गई यात्रा अंबाला पहुंची, मेयर ने मत्था टेककर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** गुरु तेग बहादुर की शहादत दिवस पर अंबाला पहुंची यात्रा का अभिनंदन करती मेयर व अन्य।

गुरु तेग बहादुर जी के 350 साला शहादत दिवस पर चांदनी चौक दिल्ली के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से भाई मंजीत सिंह की अगुवाई में शुरू हुई यात्रा रविवार को अंबाला शहर के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में पहुंची। यहां पहुंचने पर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने नतमस्तक होकर इस पवत्रि यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के आगे चल रहे पंज प्यारों को पुष्प अर्पित कर पवत्रि पालकी में गुरु साहिब को मात्था टेका। इस अवसर पर भाई सुखविंदर पाल सिंह इस पावन यात्रा के लिए सारी संगत के साथ इंतजामात में साथ रहे। गौरतलब है कि रविवार को गुरु तेग बहादुर जी का 350 साला शहादत दिवस है। जब उन्होंने दल्लिी के चांदनी चौंक में कौम व देश के लिए अपना शीश तक कटवा दिया था व भाई जैता गुरु तेग बहादुर के शीश को दल्लिी से बागपत, तरावड़ी होते हुए अंबाला शहर में जहां गुरुद्वारा शीश गंज साहिब है यहां रुके थे। मेयर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर भी कहा जाता है। महज 13 साल की आयु में उन्होंने अपने पिता के साथ मुगल सेना की एक टुकड़ी को पराजित किया था। गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब जैसे कट्टर मुगल शासक के अत्याचारों से लोगों की रक्षा की थी तथा कभी भी उसके आगे झुके नहीं थे। 18 दिसंबर को यह पावन शीश मार्ग यात्रा का श्री आनंदपुर साहिब में समापन होगा। इस अवसर पर मेयर के साथ निगम सदस्य राजेंद्र कौर, पूर्व सदस्य बृजलाल सिंगला, संजीव शर्मा, राजू सेठी, बलविंदर पिंदा , पिंकी शर्मा, विनीत भाई, कमल, मदनलाल, राजू कांवला, कुलप्रीत सिंह व राजकुमार गुप्ता साथ रहे।

### गांव बड़ी घेल में लगाया निःशुल्क चेकअप कैंप

**अंबाला।** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को कम्युनिटी सेंटर गांव बड़ी घेल में लगाया गया। कैंप का 296 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड , लिपिड प्रोफाइल एचबी समेत कई टेस्ट निशुल्क किए गए। साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनाए गए।इस अवसर पर अम्बाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम कैंप में सेवाओं के लिए आए डाक्टरों का धन्यवाद किया। कैंप में डॉ. ओपी.आर्य ने 95 लोगों की आंखों को जांचा। डॉ. आरसी जिंदल ने 57 लोगो की हड्डियों से संबंधित बीमारियों का उपचार किया। डॉ. गजल राजपूत ने 94 लोगों की सेहत की जांच की। 40 लोगों ने रक्त की जांच करवाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005